

श्वेता शर्मा ने दिए कातिलाना पोज

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:63 | SATURDAY, DATE: 19-03-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# गोविंद गोधाम समेत शहर भर में रही होली की धूम



## कौमी-गुलदस्ताः होली, होला मोहल्ला और शबे-बरात

लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। रंगों के त्यौहार होली के पावन अवसर पर रात में धार्मिक परंपरा के अनुसार रात में होलिका दहन के बाद शुक्रवार तड़के से ही दिनभर महानगर समेत तमाम जगह अबीर-गुलाल खेला गया। दूसरी ओर खालसा पंथ की स्थापना को समर्पित पावन-पर्व होला मोहल्ला में होली से अगले दिन शामिल होने के लिए संगत शनिवार सुबह तक श्री आनंदपुर साहिब रवाना होती रहीं। दूसरी ओर, शुक्रवार के पाक-दिन मुस्लिम समाज ने शबे-बरात के मौके पर रात भर इबादत की, शनिवार की सुबह तक जिलेभर में भी मस्जिदों-घरों में इबादत के चलते रौनक रही।



● लुधियाना से भी संगत पहुंचीं होला मोहल्ला।



शबे-बरात : मस्जिदें रहीं इबादत से गुलजार।

### लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट का नया कारनामा!

# बीआरएस नगर एससीएफ मार्केट में ट्रस्ट ने 'सफाई' से कराया कब्जा

**शिकायतः सरकारी टाइलों के ऊपर ड्रेनेज सिस्टम तक फुटपाथ बनाया, वॉयलेशन**

लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। पिछली कांग्रेस सरकार में लगातार विवादों में लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन बाला सुब्रामण्यम भले ही खुद को फंसता देख इस्तीफा दे चुके हैं, लेकिन विवाद लगातार साए की तरह उनके पीछे लगे हैं। पहले ट्रस्ट की बेशकीमती प्रॉपर्टी की बोली में घपलेबाजी चेयरमैन बैकफुट पर आए थे और बोली रद्द हुई थी। अब बीआरएस नगर में ओरिएंट सिनेमा व सीएफसी स्कूल के बीच बनी एफ ब्लॉक की एससीएफ मार्केट को लेकर बड़ी घपलेबाजी सामने आई है। ऐसे मामले उठाने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट सिविल इंजीनियर बलजीत सिंह ने इसकी शिकायत लोकल बॉडीज महकमे के अफसरों से लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान तक कर दी है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि स्कीम के तहत तय नियमों का उल्लंघन कर दुकानों के बरामदे के आगे दोनों तरफ इललीगल तरीके से जमीनों का कब्जा दुकानदारों को बड़ी सफाई से करा दिया गया। साथ में सड़क की तरफ बरामदे में पाबंदी के बावजूद शटर लगाने का रास्ता तैयार किया गया। हद ये कि ड्रेनेज सिस्टम वाले हिस्से को भी इललीगल तरीके से कब्जा क्षेत्र में लेकर फुटपाथ बनाने के अलावा अजीब तरीके से दूर तक स्टेयर्स बना जगह घेरी गई है। शिकायतकर्ता का इलजाम है कि रखरखाव-निगरानी के लिए जिम्मेदार नगर निगम के अफसरों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन सब आंखें मूंदे रहे। शिकायकर्ता के मुताबिक नाजायज कब्जों का यह सारा खेल विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद धड़ल्ले से किया गया। वहीं उक्त दुकानों के बिडिंग प्रक्रिया के दौरान भी तकनीकी छेड़छाड़ से अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगे थे। अगर इसकी जांच कर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई नहीं की गई तो निगम-ट्रस्ट के अधिकारी इसी तरह जन-संपत्ति को लुटाते रहेंगे।



जनहित में बतौर एक्टिविस्ट मेरी लड़ाई जारी रहेगी। पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद आप सरकार से उम्मीद है कि वह ऐसे तमाम घपले-घोटालों की जांच कराएगी तो प्याज की परतों की तरह करोड़ों-अरबों के मामलों का खुलासा हो जाएगा।

*-बलजीत सिंह, आरटीआई एक्टिविस्ट*



## इंप्रूवमेंट ट्रस्ट का ट्रस्ट!

कभी सिटी सेंटर को लेकर बड़े विवादों में आए लुधियाना इंप्रवूमेंट ट्रस्ट पर उसके पहले और बाद में भी अब तक लगातार संगीन इलजाम लगते रहे हैं। अब ताजा मामला स्मार्ट सिटी की अंधी-दौड़ में महानगर के बीआरएस नगर में सामने आ गया। जहां कथित तौर पर चहेते दुकानदारों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में कायदे-कानून ताक पर रख दिए गए। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, दरअसल ट्रस्ट का संचालन सत्ताधारियों के हाथ में होता है। इसमें नियुक्त चेयरमैन को सरकार-मंत्री रिमोट से चलाते रहे हैं। इसीलिए चेयरमैन पद पर बैठने वाला कमोबेश हर शख्स विवादों में रहा, चाहे सरकार किसी भी पार्टी की रही हो। विडंबना यही है कि अब से पहले तक जनता की नजर में सारी पार्टियों की हालत एक ही थैली के चट्टे-बट्टे वाली रही। जिसके हाथ में सत्ता आई, उसने ट्रस्ट में बहती गंगा में हाथ धोने का मौका नहीं छोड़ा। अब बदलाव के दावों के साथ आम आदमी पार्टी सत्ता में आकर अपना सिस्टम तैयार कर रही है। देखना होगा कि आपके जनप्रतिनिधि क्या ट्रस्ट की गिरती साख को भी फिर से कायम करेंगे?



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# होला मोहल्ला से लौटते परिवार की कार पर पलटा ट्रक, एक की मौत, 3 जखमी

**जोगियाना के पास लोडेड ट्रक टक्कर मारी फिर पलटने से कार को कचूमर बना डाला**

लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। होला मोहल्ला के पावन अवसर पर यहां दुखद हादसा हो गया। श्री आनंदपुर साहिब हाजिरी लगाकर लौट रहे अमृतसर के परिवार की कार महानगर के करीबी इलाके साहनेवाल में सड़क हादसे का शिकार हो गई। जिसमें कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत बाकी तीन लोग घायल हो गए।

यह हादसा सड़क हादसा नेशनल हाईवे पर गांव जोगियाना के पास हुआ, जहां एक लोडेड ट्रक ने बेकाबू होकर पीछे से टक्कर मारी और फिर कार पर पलट गया। थाना साहनेवाल में इसे लेकर अमृतसर के धारीवाल कलेर निवासी हरमनप्रीत सिंह ने केस दर्ज कराया। जिसके मुताबिक हरमनप्रीत के पिता गुरदीप सिंह, मां गुरजीत कौर, मामा सुखजीत सिंह और मामी हरजिंदर कौर ब्रेजा से श्री आनंदपुर साहिब गए थे। हादसे के वक्त उनकी अमृतसर के लिए वापस आ रही थी।

जब जीटी रोड पर वे गांव जोगियाना पहुंचे तो पीछे से कैटल फीड से भरे ट्रक के चालक ने पहले तो उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। बाद में ट्रक कार के ऊपर ही पलट गया। राहगीरों ने घायलों को सिविल अस्पताल लुधियाना पहुंचाया। वहां गुरदीप सिंह की मौत हो गई। जबकि उनकी मां, मामा और मामी गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।







# पंजाब-कैबिनेट: मान के नए मंत्रीमंडल में सबका मान

चंडीगढ़ / यूटर्न / 19 मार्च। पंजाब के नए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने सिपहसालार चुन लिए। वैसे तो नई कैबिनेट के बारे में सीएम ने होली की शाम खुद ही ट्वीट कर मंत्रियों के नामों का ऐलान कर दिया था। पहली बार मुख्यमंत्री बने मान ने नए मंत्रिमंडल में हर वर्ग और क्षेत्र को साधने का प्रयास किया है। उनकी कैबिनेट में दलित, महिला और हिंदू वर्ग को जगह मिली है। वहीं फिलहाल तक कैबिनेट में माझा और मालवा का पूरा दबदबा कायम है। लेकिन अगर शहरों की बात की जए तो पंजाब की आर्थिक राजधानी लुधियाना, स्पोर्टस सिटी जालंधर, गुरुनगरी अमृतसर व रॉयल सिटी पटियाला में घाघों का राज होने चलते पत्ते अभी नहीं खोले गये हैं। राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने समारोह में सभी दस मंत्रियों को शपथ दिलाई। सबसे पहले हरपाल सिंह चीमा और 10वें नंबर पर हरजोत सिंह बैंस ने शपथ ली। करीब 31 साल के बैंस भगवंत मान कैबिनेट के सबसे युवा मंत्री हैं।





जबकि 60 साल के कुलदीप सिंह धालीवाल सबसे बुजुर्ग मंत्री हैं। नौवें नंबर पर ब्रह्मशंकर जिम्पा ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने पूर्व मंत्री शाम सुंदर अरोड़ा व तीक्ष्ण सूद को होशियारपुर से हराया था। गौरतलब है कि कैबिनेट में किसी को उप मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। छठे मंत्री के तौर पर गुरमीत सिंह मीत हेयर ने शपथ ली, वह 32 साल के हैं। इसके बाद कुलदीप सिंह धालीवाल ने शपथ ली। मान सरकार में आठवें नंबर पर लालजीत सिंह भुल्लर ने शपथ ली। सबसे पहले हरपाल सिंह चीमा शपथ ग्रहण किया। चीमा के बाद डा. बलजीत कौर ने मंत्री पद की शपथ ली। तीसरे नंबर पर हरभजन सिंह ईटीओ ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद डा. विजय सिंगला ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने चुनाव में पंजाबी गायक सिद्धू मुसेवाला को हराया था। पांचवें नंबर पर लालचंद कटारुचक को मंत्री पद की शपथ ली। जानना दिलचस्प होगा कि शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायक उत्साहित दिखे, जो समय से पहले ही पहुंच गए थे। समारोह में मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे।

# रंगों का त्यौहार, महानगर में रही बहार

लुधियाना / यूटर्न / 19 मार्च: रंगों के त्यौहार होली के पावन अवसर पर महानगर में हर तरफ धूम रही। सभी रंगों में सराबोर मस्ती में झूमते नजर आए। मौसम ने भी होलियारों का खूब साथ दिया। होलिका दहन के बाद मस्ती में डूबे शहरियों ने कल दिनभर अबीर-गुलाल लगा एक-दूसरे को गले लगाकर खुशियों के इस त्यौहार की बधाई दी। जबकि छिटपुट झड़पों के अलावा कहीं कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई।



● एक सैल्फी तो बनती है... नारंग परिवार में आरती, अंकित और साक्षी होली की मस्ती में।



● कपूर परिवार होली मनाते हुए



● लुधियाना में राजेश चौबे और उनके दोस्त होली मनाते हुए।



● सरबजीत कौर परिजनों के साथ होली की खुशियां सांझा करते हुए

## हमने खेली पानी वाली होली



लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। महानगर में भी मौसम का बदलाव अपना असर दिखाने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ रखबाग में पक्षी विहार में बने पॉन्ड में होली के दिन कबूतर पानी में खिलवाड़ करते नजर आए।

फोटो: समीम अंसारी



● बच्चों स्माइल...नेहा मिश्रा बच्चों के साथ होली पर ग्रुप फोटो कराते हुए।



● अन्तरपाली, अवनीत, रमन, शब्द, हरप्रीत, चन्नी आदि मिलकर संब रंगों का त्यौहार होली मनाते हुए। सबने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी।

### होली का उत्सव: रंग में सराबोर सब एक जैसे

# लुधियाना के मंदिरों में दिखे वृंदावन जैसे नजारे




लुधियाना / यूटर्न / 19 मार्च। कोरोना-संकट से उबरने पर दो साल बाद महानगर में होली का उत्सव पूरी श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। हंबड़ा रोड स्थित श्री गोविंद गोधाम में तो मानों वृंदावन जैसे नजारे देखने को मिले, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। इसी तरह, जनपथ एस्टेट स्थित इस्कॉन मंदिर में गौर-पूर्णिमा के साथ पुष्प होली का आयोजन किया गया। गोबिंद गोधाम में आयोजक सुन्दरदास धमीजा, अशोक धवन, अश्वनी ग्रोवर, मोहन परुथी, संजय जैन, सोनी वलिया, इस मौके श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के भजन गायक अश्विनी ग्रोवर, संदीप लांबा, दीपक शर्मा, आशु कुमार, बृजमोहन ढींगरा, प्रिंस छाबड़ा, कपिल शर्मा, पंडित राज शर्मा द्वारा संकीर्तन कर भक्तों को भक्ति के रंग में रंग दिया। इस मौके पर मुख्य मेहमान के तौर पर विधायक मदन लाल बग्गा, पार्षद ममता आशु, जिला कांग्रेस प्रधान मनीषा कपूर, भाजपा जिला प्रधान पुष्पेंद्र सिंगल, भाजपा नेता सुभाष डावर, अमरिंदर मल्ली, अतुल कपूर, एसएचओ बिट्टन कुमार, पूर्व पार्षद नरेंद्र सिंह मल्ली, मनजिंदर सिंह, विपन जैन, विकास गोयल, राज अरोड़ा, वरिंदर शर्मा बॉबी, राजेश जैन बॉबी, रेनू बाला, अश्वनी कुमार, बिट्टू गुम्बर, गोल्डी सभरवाल, पार्षद लाला सुरेंद्र अटवाल, मार्केट कमेटी के दर्शन लाल बवेजा उपस्थित रहे।

(सभी फोटो---विशाल ढल्ल, समीम अंसारी, विशाल बवेजा)

## जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सुदेश शर्मा





PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

REQUIRED
MARKETING EXECUTIVE
AREA WISE REPORTERS IN LUDHIANA
FOR U-TURN TIME DAILY NEWSPAPER & WEB PORTAL
Walk-in-Interview:
Mon to Wed (14th to 16th March)
from 10:30 AM to 2:30 PM
SCO 22-23, 1st Floor, K10 Tower, Feroze Gandhi Market, Ludhiana
E-mail: hetaishinews@gmail.com | M: 9988220063, 98142-95372

# इनायत ढांडा की गार्डन ऑफ ईडन दो दिवसीय प्रदर्शनी का आगाज




लुधियाना / यूटर्न / 19 मार्चः लुधियाना में इनायत ढांडा द्वारा गार्डन ऑफ ईडन लग्जरी लाइफस्टाइल दो दिवसीय प्रदर्शनी का आगाज सतलुज क्लब, लुधियाना में किया गया। बता दें कि देश के विभिन्न शहरों जैसे जयपुर, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, भोपाल, लखनऊ इत्यादि से लगभग 80 ब्रांड हिस्सा बने हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन लुधियाना के डीसी वरिंदर शर्मा ने किया। इनायत ढांडा ने बताया कि प्रदर्शनी में डिजाइनर्स में ढांडा ज्वैलर्स, आयत ज्वैल्स, मलिका फाइन ज्वैल्स और हाशमी बंधु शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में खाने-पीने की स्वादिष्ट वस्तुओं के स्टाल भी लगे।

# होली मनाने गये युवाओं के लॉकर तोड़कर लाखों के मोबाइल चोरी

## मामला एफ टू रेस वे में होली समागम का




लुधियाना / यूटर्न / 19 मार्चः शुक्रवार को दोस्तों संग होली मनाकर बाहर निकले नौजवानों के रंग में उस समय भंग पड़ गया जब उनके लाखों रूपये के चार आईफ़ोन चोरी हो गए। लुधियाना साउथ सिटी रोड के एफ टू रेस वे एवं क्लब 69 एमएल की तरफ से आलीशान होली समारोह करवाया गया था। जिसकी एंट्री महंगे पासों के जरिए थी। पीड़ित जसराज सिंह, ईश्वरजीत सिंह, ध्रुव सिंघल व अन्यों के अनुसार वे पास खरीद कर इस पार्टी में होली मनाने पहुंचे थे होली मनाने के बाद जब बाहर निकले तो पता लगा कि उनके महंगे फ़ोन लॉकर तोड़ कर चोरी कर लिए गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रबंधकों से सीसीटीवी फुटेज की मांग करने पर वे यह कहते रहे कि उनके कैमरे बंद पड़े हैं और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं करवाई। जिससे चोरों को पकड़ा जा सके।

युवाओं द्वारा घटना की जानकारी अपने परिवार को दी गई तो परिवारों ने इसकी शिकायत सम्बन्धित थाने में की। घटना के बारे में जानकारी देते हुए नौजवानों ने बताया कि वे एफटू रेस वे में होली मनाने के लिए आए थे बाउंसरों की राय पर उन्होंने अपने महंगे मोबाइल फोन और पैसे अपनी कारों में न रखते हुए एफ टू रेसवे के लॉकर में सुरक्षित रखे। लेकिन जब वह वापस जाने के लिए बाहर आये तो उनको पता लगा कि लॉकर तोड़कर उनके मोबाइल फ़ोन चोरी कर लिए गए हैं। प्रबंधकों से इस बारे में पूछने पर किसी ने भी इसकी ज़िम्मेदारी लेने से इन्कार कर दिया। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अगर सही ढंग से कार्रवाई करे तो



सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ आरोपियों का पता लगाते हुए उनके लाखों रूपयें के फोन भी बरामद किये जा सकते हैं। उन्हें शक है कि पुलिस बाहुबलियों के प्रभाव में कार्य कर रही है। युवाओं की तरफ से इंसाफ़ की माँग की गई है। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी सम्बन्धित पुलिस आधिकारियों को भी दी है। उनकी तरफ से इंसाफ़ की माँग की गई।

# समय से राशन नहीं मिलने पर भड़के लोगों ने किया डिपो पर रोष प्रदर्शन

लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। शहर के गिल चौक के पास धूरी लाइन इलाके में राशन डिपो मालिक के खिलाफ इलाके के लोगों ने रोष प्रदर्शन किया। कई मोहल्लों से आए उन लोगों का आरोप था कि डिपो मालिक कई महीने से राशन सामग्री नही बांट रहा है। रसूखदार लोगों को



बैकडोर से राशन बांटने के बाद खत्म होने की बात कह दी जाती है। जबकी सात मोहल्ले के हजारों लोग इस एक ही डिपो के कार्ड होल्डर बना दिए। जिनको दूरदराज से आकर बैरंग लौटना पड़ता है। लिहाजा सरकार उनको संबंधित इलाकों में नजदीकी डिपो से अटैच करे। दूसरी तरफ, डिपो मालिक ने लोगों के आरोपों को नकारते दावा किया कि राशन का स्टॉक आने में कई बार देरी होने पर मजबूरन सभी कार्ड होल्डरों को राशन दे पाना संभव नहीं हो पाता है।



पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर और लुधियाना की लगभग सभी सीटों पर पार्टी उम्मीदवीरों के विजयी होने पर जिला प्रधान सुरेश गोयल को फूल भेंट कर बधाई देते देविंदर बिट्टा, मंजीत सिंह, विपन कुमार, हरविंदर पप्पू आदि।

# लुधियाना में बॉसलेडीज़ द्वारा आयोजित इवेंट में शहर के प्रमुख ब्लॉगर्स, इंफ्लुएंसर्स और कई शख्सियतों ने लिया हिस्सा

लुधियाना / यूटर्न / 19 मार्चः लुधियाना में बॉसलेडीज़ की ओर से स्टार्टअप पंजाब के सहयोग से महिलाओं के लिए एक इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बिजनेस शोकेस और इवनिंग मिक्सर महिला स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों वाली महिला उद्यमियों को एक समान मंच पर एक साथ एक प्लेटफार्म पर आने में मदद करता है और न केवल अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करता है बल्कि अन्य महिला उद्यमियों के साथ जोड़ता भी है। बता दें कि बॉसलेडीज़ चंडीगढ़ और अमृतसर के बाद लुधियाना में भी पहुंच गया है। उनके द्वारा सराभा नगर में गार्डन कैफे, लुधियाना में एक इवेंट आयोजित किया। जिसमें ख़ास तौर पर शहर के प्रमुख



ब्लॉगर्स, इंफ्लुएंसर्स और कई शख्सियतों ने हिस्सा लिया। आर्टिस्ट कीर्ति बवेजा और मेकअप आर्टिस्ट अनुरीत के बेदी द्वारा इस इवेंट को मैनेज किया। बॉसलेडीज़ की डायरेक्टर हिमजा राणा द्वारा आयोजितइवेंट में बताया कि हमारा मोटिवे है हर एक महिला को आगे लेकर आना और उन्हें दूसरी महिला के साथ जोड़कर उनका नेटवर्क बनाना ताकि वो भी अपनी पहचान बना सके।

# होली के रंग में रंगे लुधियानावासी, कई जगह मनाई गई केमिकल मुक्त होली


























**लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च।** लुधियाना में होली का जश्न जगह-जगह देखने को मिला। लुधियाना शहर के लेडीज क्लबों और प्राइवेट होली पार्टीज का भी आयोजन किया गया। होली पर गली-मोहल्लों में खासकर बच्चों और युवाओं की टोलियों ने जमकर होली खेली। इसके साथ ही कहीं फूलों से तो कहीं रंगों से होली खेली। लुधियाना के निरवाना क्लब में एल्डको सोसाइटी में और स्वपनापति फाउंडेशन और जी.के एंटरटेनमेंट द्वारास्टरलाइट में हर्बल होली इवेंट करवाया। बता दें कि लुधियाना में इस बार केमिकल मुक्त होली खेली गई। पंजाब में पहली बार आए ओड़िसा के गौरव पारिख, राजेश कुमार, विक्की आडवाणी, पैडी शिवोहम, मीरा नागपाल और किरपाल सिंह द्वारा अभिनेत्री स्वपना पति की "स्वपनापति फाउंडेशन" के सहयोग से "हर्बल होली" का आयोजन किया। बता दें यह होली बाकी से इसलिए अलग थी क्योंकिइसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल होली खेलने के लिए प्रेरित करना था। यह केमिकल मुक्त होली थी। हर्बल होली में जैसे हल्दी, बेसन, चंदन, पालक आदि से तैयार प्राकृतिक रंगों से खेली गई। इवेंट में मंच संचालक तुषार अरोड़ा की जोशीली आवाज़ से हुए इवेंट में मुख्य आकर्षण में डी.जे, फ़ैमिली फेयर, ढोल, रेन डांस शामिल थे इसके साथ पैडी अपने शिवोहम बैंड के साथ और बैंग ड्यूडस, डी.जे. मोक्ष, डी.जे. हितेश आदि अपनी धमाकेदार और जोरों के जोश के साथ जश्न मनाया।

# होली के हुड़दंग में बच्चों को न करें अनदेखा



रंग खेलते समय हमेशा बच्चों के साथ रहें क्योंकि बच्चे जिंदगी की मुश्किलों से अनजान होते हैं इसलिए उन्हें नाले का पानी, गोबर या किसी तरह की गंदगी का प्रयोग करने से रोकें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि बच्चें नए कपड़े न पहनें क्योंकि नए कपड़े ज्यादा रंग सोखते हैं। होली आने वाली है! बाजार में रंग-गुलाल से दुकानें सज गयी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बाजार में मिलने वाले कैमिकल वाले रंग आपके बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। तो आइए हम आपको कैमिकल वाले रंगों से अपने बच्चों को कैसे बचाएं। होली खेलते के बाद बहुत से बच्चों को कई तरह की हेल्थ प्राब्लम का सामना करना पड़ता है। इनमें कुछ मरीजों को स्किन की एलर्जी, निमोनिया और सांस की परेशानी ज्यादा होती है। लेकिन कुछ लोगों को स्किन की समस्या का सामना करना पड़ता है। खासतौर से बच्चों की स्किन बहुत नाजुक होती है उस पर तरह-तरह के कैमिकल वाले रंग का बहुत बुरा असर होता है इससे बच्चों को तरह-तरह की एलर्जी हो जाती है। इस एलर्जी और सांस की बीमारियों से बचने के नन्हें-मुन्नों के साथ सावधानी बरतें। बच्चे बहुत नाजुक होते हैं इसलिए होली के हुड़दंग में कभी भी बच्चों को अनदेखा न करें। बहुत छोटे बच्चों को रंगों से दूर रखें और उन्हें रंग न लगाएं। उन्हें रंग लगाने से पेट खराब या स्किन प्राब्लम हो सकती है। साथ में घर के अंदर रंग न फैलने दें, इससे बच्चे की सेहत खराब हो सकती है। बच्चों के रंग खेलते समय हमेशा उनके साथ रहें क्योंकि थोड़ी सी असावधानी से अस्थमा, किडनी फेल और फेफड़े का इंफेक्शन हो सकता है। रंग खेलते समय बच्चों की आंखों का खास ख्याल रखना चाहिए। आंखों में रंग पड़ने से दर्द और सूजन की परेशानी हो सकती है। साथ ही कान में रंग पड़ने से कान में छाले और दर्द की शिकायत हो सकती है। रंग खेलते समय हमेशा बच्चों के साथ रहें क्योंकि बच्चे जिंदगी की मुश्किलों से अनजान होते हैं इसलिए उन्हें नाले का पानी, गोबर या किसी तरह की गंदगी का प्रयोग करने से रोकें।

## आज का विचार

आप जो करना चाहते है, उसके लिए देर कभी नहीं होती. उसे करने की गुंजाइश हमेशा होती हैं.

- जॉर्ज इलियट

## कार्टून कोना




## सामाजिक खिड़की से




# होली पर्व के साथ भक्त प्रह्लाद की कथा का क्या है संबंध?

एक बार की बात है। दैत्यराज एवं पुरोहित सहित राजकुमार, सब लोग एक ही साथ सभा में पहुंचे और सबका यथोचित स्वागत अभिवादन आदि हुआ। प्रह्लाद जी ने पिता के चरणों में प्रणाम किया। दैत्यराज ने उनको आशीर्वाद दे अपने आसन पर बैठने की आज्ञा दी। भारत में प्रत्येक पर्व-त्योहार के साथ कोई प्रेरक धार्मिक प्रसंग जुड़ा हुआ है। होली पर्व भले खुशियों और उल्लास से परिपूर्ण त्योहार हो लेकिन यह पर्व भी हमें सीख देता है कि ईश्वर में विश्वास करते हुए बुराइयों से लड़ना चाहिए। होली का पर्व हमें सभी कड़वी बातों को भुला कर गले लगने की सीख भी देता है। होली पर्व के साथ भक्त प्रह्लाद की कथा का भी बहुत गहरा संबंध हैं। आइये जानते हैं कैसे ईश्वर में अटूट विश्वास आपको विजेता बनाता है।



एक बार की बात है। दैत्यराज एवं पुरोहित सहित राजकुमार, सब लोग एक ही साथ सभा में पहुंचे और सबका यथोचित स्वागत अभिवादन आदि हुआ। प्रह्लाद जी ने पिता के चरणों में प्रणाम किया। दैत्यराज ने उनको आशीर्वाद दे अपने आसन पर बैठने की आज्ञा दी। राजसभा ठसाठस भरी थी, हिरण्यकशिपु की राजसभा समस्त ऐश्वर्य की मूर्तिमान छटा थी, परंतु दैत्यराज की उदासीनता से सारी की सारी सभा उदासीन सी प्रतीत हो रही थी। भावी शोक की छाया मानो सबके हृदयों पर पड़ रही थी। सारे सभासद चुपचाप बैठे थे, कोई किसी से कुछ भी कहता सुनता नहीं था।

राजसभा शांत थी, दैत्यराज भी चुपचाप बैठे थे, इसी बीच में दैत्य गुरुओं ने पाठशाला में छात्रों को प्रह्लाद द्वारा दी जाने वाली हरिभक्ति रूपी राजद्रोही वक्तृताओं का समाचार सुनाया। दैत्यराज का चित्त ब्रह्मशाप के प्रभाव से पहले से ही भय और शोक से संतप्त हो रहा था। अतः जैसे ही उसने गुरुवरों के मुख से प्रह्लाद की बातें सुनीं, वैसे ही उसके शरीर में आग सी लग गयी। उसने क्रोधपूर्ण विकराल नेत्रों से प्रह्लाद की ओर देखा और कहा रे दुष्ट, क्या अभी तक तेरी मूर्खता नहीं गयी? क्या अब भी अपनी दुष्टता छोड़कर मेरी आज्ञा का पालन नहीं करेगा? मेरा यह अंतिम आदेश है कि तीनों लोक का एकमात्र मैं ही स्वामी हूं, इसलिए तू मुझको ही ईश्वर मान और मेरी ही पूजा कर, उस दुष्ट शत्रु गोविन्द का नाम छोड़ दे। दैत्यराज के वचन समाप्त होते ही राजपुरोहितों ने भी उनकी ही हां में हां मिला दी। पिता एवं पुरोहित जी के वचन सुनकर परम भागवत प्रह्लाद जी हंसते हुए कहने लगे- बड़े आश्चर्य की बात है कि वेद वेदांत के जानने वाले विद्वान ब्राह्मण, जिनको सारा संसार आदर की दृष्टि से देखता और पूजता है वे भी भगवान की माया से मोहित हो धृष्टता के साथ अभिमान के साथ इस प्रकार की अनर्गल बातें कहते हैं।

प्रह्लाद जी के निर्भीक और ओजस्वी वचनों को सुनकर दैत्यराज के शरीर में आग लग गयी। क्रोध के मारे उसके सारे अंग कांपने लगे और वह तिरछी नजर से प्रह्लाद की ओर देखता हुआ बोला, रे दुष्ट राजकुमार, बता जिसकी तू इनती प्रशंसा करता है वह तेरा विष्णु है कहां? यदि तेरा विष्णु सर्वव्यापी है तो क्या इस राजसभा में भी है? यदि है तो दिखला कहां है? यदि नहीं दिखलाता तो अब तेरा अंत समय आ गया। अब तक हमने तुझको अपना सुपुत्र मानकर अपने हाथों वध करना उचित नहीं समझा था, किंतु अब ऐसा प्रतीत होता है कि तेरी मृत्यु हमारे ही हाथ है। शीघ्र बतला और दिखला तेरा विष्णु कहां है? मेरी आज्ञा का उल्लंघन करने वाले तुझको मैं अभी यमलोक पहुंचाता हूं। तू किसके बल पर निडर हो कर मेरी आज्ञा का उल्लंघन कर रहा है?

प्रह्लाद जी बोले, हे महाराज जिन्होंने ब्रह्मा से लेकर एक तिनके तक समस्त जगत को अपने वश में कर रखा है। वे भगवान ही मेरे बल हैं, मेरे ही नहीं आपके और अन्य सभी के बल भी वे ही हैं। वे ही महापराक्रमी भगवान ईश्वर हैं, काल हैं और ओज हैं, वे ही साहस, सत्व, बल, इन्द्रिय और आत्मा हैं, वे ही तीनों गुणों के स्वामी अपनी परम शक्ति से विश्व की सृष्टि, पालन और संहार करते हैं। आप अपने इस आसुरी भाव को छोड़कर सबमें समभाव परमात्मा को देखिये। फिर आपको पता लगेगा कि आपका ही क्या किसी का भी कोई शत्रु नहीं है।

प्रह्लाद के वचनों को सुनकर हिरण्यकशिपु क्रोध से अधीर हो उठा और बोला, रे मन्दभागी अब निश्चय ही तेरे मरने की इच्छा है। अच्छा तू कह रहा है कि विष्णु इस सभा में है। क्या इस सामने वाले खम्भे में भी है, यदि है तो जल्दी दिखला, नहीं तो अब हम तेरा सिर इसी तलवार से धड़ से अलग करते हैं।

प्रह्लाद जी बोले, पिताजी आप शांत हों, क्रोध न करें। मैंने मिथ्या नहीं कहा, देखिये, मुझे तो इस खम्भे में भी वे स्पष्ट दिखलायी पड़ते हैं। यह सुनकर दैत्यराज हिरण्यकशिपु राजसिंहासन से सहसा कूद पड़ा और क्रोध के आवेश में प्रह्लाद जी को कटु वचन कहता हुआ खड्ग लेकर रत्नों एवं मोतियों से जड़े सामने के खम्भे की ओर लपक कर उस पर बड़े जोर से एक ऐसा प्रहार किया कि जिससे न केवल राजसभा ही बल्कि सारा भूमण्डल डगमगा गया। मुष्टि प्रहार से सहसा भूमण्डल में भारी भूकंप-सा आ गया। तभी दैत्यराज ने सहसा खम्भे को फूटते हुए देखा। अपने भक्त प्रह्लाद के वचनों को और अपनी सर्वव्यापकता को प्रत्यक्ष स्पष्ट सिद्ध करने के लिए भगवान श्रीहरि सभा के बीच स्तम्भ के भीतर से प्रकट हो गये।

दैत्यराज ने आश्चर्य के साथ अद्भुत नरसिंह रूप को देखा। जिसका सारा शरीर तो चतुर्भुज सुंदर मनुष्य-सा है और सिर महाभयंकर सिंह का दिख रहा है। उसने भय के कारण आंखें मूंद लीं। तीनों लोक तथा चौदहों भुवन को जीतने वाले अजेय वीर का शरीर मृतप्राय हो गया। उधर घोर गर्जना करते हुए उन भयंकर मूर्तिधारी भगवान नरसिंहजी ने दैत्यराज को उठाकर अपनी जंघा पर रख तीक्ष्ण नखों से उसका उदर नष्ट कर आंतड़ियों को निकाल अपने गले में विजयमाला के रूप में धारण कर लिया। दैत्यराज का अंत पलक मारते ही हो गया। साथ ही उसके साथी असुर भी भगवान नरसिंह की कोपज्वाला में भस्म होकर वहीं ढेर हो गये। हिरण्यकशिपु के वध का समाचार फैलते ही देवताओं के अधीश्वर इंद्र और अन्यान्य दिक्पाल कारागार से तुरंत मुक्त कर दिये गये। सारे संसार में विशेषकर देवता और उनके भक्त धार्मिक विश्व निवासियों में आनन्दमय कोलाहल मच गया।

# इबादत की रात शबे बरात, मस्जिदों में रातभर नमाजी रुके तो बनी रही रौनक

### जो भी मांगे, अल्लाह देते हैं गुनाहों से माफी : शाही इमाम

## देश में अमन शांति की दुआ कराई



लुधियाना/19 मार्च / लुधियाना। पाक शबे-बरात के मौके पर शुक्रवार रात भर मस्जिदों में रुककर नमाजियों ने खुदा के दरबार में गिड़गिड़ा गुनाहों से माफी मांगते हुए इबादत की। जिसके चलते तमाम मस्जिदों रातभर रौनक बनी रही। फील्डगंज स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद के दीनी मरकज में शब-ए-बरात के पवित्र मौके पर धार्मिक समारोह रखा गया। जिसकी सदारत पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान रहमानी लुधियानवी ने की। शाही इमाम मौलाना ने देश में अमन और शांति के लिए विशेष दुआ भी कराई। जिसमें मुख्य मेहमान विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा रहे। समारोह का संचालन गुलाम हसन कैसर ने किया व शुरूआत पवित्र कुरान शरीफ की तिलावत से कारी मुहम्मद मोहतरम ने की।

जबकि नातिया कलाम हस्सान नसीराबादी, मुहम्मद वासिब, शमशुल कमर, जुहैब ने पढ़ा। इस मौके पर मुफ्ती नूर उल ऐन, कारी इब्राहिम, मौलाना सुलेमान, कारी अब्दुल रहमान, हाफिज जैनुल आबदीन, बिलाल खान व मुहम्मद मुस्तकीम विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर शाही इमाम मौलाना उस्मान ने कहा कि इस रहमतों वाली रात में हर मुस्लमान को चाहिए कि वह अपने खुदा से अपने गुनाहों की माफी मांगे, क्योंकि अल्लाह बहुत बड़ा रहम करने वाला है। उन्होंने कहा कि हम सबको अल्लाह के बताए हुए नेक रास्ते पर चलते हुए गरीब लोगों की सहायता



करें। कोशिश करें कि हमारी वजह से किसी के दिल को ठेस ना पहुंचे। आज की रात जो भी व्यक्ति अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगता है, वो माफ कर देते हैं। इस मौके पर विधायक बग्गा ने कहा कि स्व. शाही इमाम मौलाना हबीब उर रहमान के साथ मेरा गहरा संबध था और वह हमेशा मेरी रहनुमाई करते थे। उन्होने कहा कि जहाँ आम आदमी पार्टी सूबे के लाखों मुसलमानों की समस्याएं पहल के आधार पर हल कराएगी। इस दौरान जामा मस्जिद शर्बत की छबील व लंगर का प्रबन्ध रहा। उधर, डाबा लोहारा रोड स्थित सुन्नी मुजद्दिदी मस्जिद के इमाम मौलाना मौला बक्श ने शब ए बारात की फजीलत के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया 14 शहबान की रात अजीम रात है। इसमें अल्लाह अपनी शान की मताबिक दुनिया पर नजूल फरमाते हैं। इस रात में रिज्क बांटा जाता है और रब्ब फरमाता है कि कोई बख्शिश मांगने वाला है, जिसे में बख्श दूँ। कोई रिज्क और औलाद माँगने वाला है, जिसे मैं बख्श दूं। अल्लाह 14 शहबान की रात से लेकर 15 की सुबह तक यह सदा लगाता है।

# महिला वर्ल्ड कप में भारत की राह मुश्किलः ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से धोया



ऑकलैंड। ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को महिला वर्ल्ड कप के 18वें मैच में 6 विकेट से हरा दिया है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 278 रन का टारगेट दिया था, जिसके जवाब में कंगारू टीम ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। कप्तान मैन लैनिंग (97) टॉप स्कोरर रहीं। ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप में ये लगातार 5वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट सलामी बल्लेबाज रैचल हेन्स के रूप में गिरा। वो 43 रन बनाकर आउट हुई। हेन्स पूजा वस्त्रकर की बाउंसर गेंद को हुक करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन वह विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैंठी।

ऑस्ट्रेलिया टीम का पहला विकेट 20वें ओवर में 121 के स्कोर पर गिरा। स्नेह राणा ने एलिसा हीली को मिताली राज के हाथों कैच कराया। हीली ने 65 गेंदों पर शानदार 72 रन बनाए। इससे पहले टीम इंडिया ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 277/7 का स्कोर बनाया। कप्तान मिताली राज (68) टॉप स्कोरर रही। यास्तिका भाटिया 59 और उप-कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 57 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से डार्सी ब्राउन ने 3 विकेट लिए।

**हरमन और पूजा का बोला बल्ला**

भारत ने विकेटकीपर ऋचा घोष (8) और स्नेह राणा (1) का विकेट जल्दी गंवा दिया था। इसके बाद 7वें विकेट के लिए हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्रकर ने केवल 47 गेंदों पर 64 रन की पार्टनरशिप की। पूजा 28 गेंदों पर 34 रन बनाकर भारतीय पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुई, जबकि हरमन ने 47 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए। बता दें कि 2017 के वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भी हरमन ने AUS के खिलाफ नाबाद 171 रन बनाए थे।

**फॉर्म में लौटी मिताली**

भारतीय कप्तान मिताली राज 68 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौटी। उनका विकेट अलाना किंग के खाते में आया। इस मैच से पहले मिताली की फॉर्म पर सवालियां निशान उठ रहे थे। पहले चार मैचों में उनका औसत 12 से भी कम था और उन्होंने केवल 46 रन बनाए थे। AUS के खिलाफ फिफ्टी के बाद भारतीय कप्तान ने फॉर्म में दमदार वापसी की है।

मिताली (1253) महिला WC में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने ENG की शार्लोट एडवर्ड्स (1231) को पीछे छोड़ा।

**फिफ्टी बनाकर आउट हुई यास्तिका**

यास्तिका भाटिया 83 गेंदों पर 59 रन की बढ़िया पारी खेलकर डार्सी ब्राउन की गेंद पर आउट हुई। उनका कैच डीप पॉइंट पर एलिस पेरी ने पकड़ा। आउट होने से पहले उन्होंने तीसरे विकेट के लिए मिताली राज के साथ 154 गेंद पर 130 रन जोड़े।

**28 रन पर भारत ने गंवाए थे पहले दो विकेट**

टॉस हारकर बैटिंग करते हुए टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही और चौथे ओवर में स्मृति मंधाना 11 गेंदों में 10 रन बनाकर डार्सी ब्राउन की गेंद पर आउट हो गई। प्लेइंग-XI में वापसी करने वाली शेफाली वर्मा भी कुछ खास नहीं कर सकीं और 16 गेंदों में 12 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। उनका विकेट भी ब्राउन के खाते में आया। एलिस पेरी ने अपने पहले ही ओवर में 6 WIDE गेंद फेंकी।

झूलन गोस्वामी का ये 200वां वनडे मैच है। महिला क्रिकेट में 200 वनडे खेलने वाली वह मिताली राज के बाद दुनिया की सिर्फ दूसरी खिलाड़ी है। मैच शुरू होने से पहले मिताली राज ने झूलन को 200वें वनडे के लिए स्पेशल कैप देकर सम्मानित किया।

चकदा एक्सप्रेस के नाम से मशहूर झूलन मौजूदा टूर्नामेंट में झूलन अभी तक कई रिकॉर्ड्स बना चुकी हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वह पहली गेंदबाज बनी थी, जिन्होंने महिला वनडे क्रिकेट में 250 विकेट लिए हो। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में उन्होंने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था।

# कनिका कपूर दूसरी बार करने जा रही हैं शादी



कनिका जल्द ही दुल्हन बनने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कनिका की सगाई हो चुकी है और उनकी शादी लंदन के एक एनआरआई बिजनेसमैन गौतम से होने वाली है। आपको बता दें कि कनिका की यह दूसरी शादी होगी। उन्होंने पहले बिजनेसमैन राज चंडोक से शादी की थी। बेबी डॉल सॉन्ग से फेमस हुई सिंगर कनिका कपूर बॉलीवुड की टॉप फीमेल सिंगर्स में से एक हैं। उन्होंने कई बॉलीवुड मूवीज में सुपरहिट गानों में आवाज़ देकर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कनिका काफी ग्लैमरस हैं और अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। खबरों की मानें तो कनिका जल्द ही दुल्हन बनने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कनिका की सगाई हो चुकी है और उनकी शादी लंदन के एक एनआरआई बिजनेसमैन गौतम से होने वाली है। आपको बता दें कि कनिका की यह दूसरी शादी होगी। उन्होंने पहले बिजनेसमैन राज चंडोक से शादी की थी। लेकिन दोनों का रिश्ता ज़्यादा दिन चल नहीं पाया था और साल 2012 में तलाक हो गया था। कनिका कपूर और गौतम की शादी इसी साल मई में लंदन में होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, कनिका और गौतम करीब एक साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और पिछले छह महीने से शादी के बारे में सोच रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कनिका अपने टूर के दौरान ही गौतम से लंदन में मिली थीं। हालाँकि कनिका ने इस बारे में पुष्टि नहीं की है लेकिन पूरे मीडिया में कनिका की शादी के चर्चे हैं। सोशल मीडिया पर उनके फैंस भी ऐसा ही अनुमान लगा रहे हैं। फिलहाल, कनिका ने इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भले ही उन्होंने अपनी शादी के बारे में कुछ भी खुलासा नहीं किया है लेकिन अटकलें तेज हैं।

# श्वेता शर्मा ने दिए कातिलाना पोज



अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में अभिनेत्री श्वेता शर्मा ने कलरफुल बिकिनी पहनी हुई हैं और उसमें वह बेहद ही हॉट लग रही हैं। अभिनेत्री की यह तस्वीरें देखकर यकीनन उनके फैंस के पसीने छूट गए होंगे। श्वेता की इन तस्वीरों पर हजारों लोग अपना दिल हार बैठे हैं और कमेंट सेक्शन में उनके सेक्सी फिगर की तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां बदलते समय के साथ और भी ग्लैमरस और हॉट होती जा रही हैं। हर दिन कोई न कोई अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपने हुस्न के जलवे बिखेरती मिल जाती है। अब भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट अदाकारा श्वेता शर्मा सोशल मीडिया पर कहर ढाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करके लोगों के दिलों में आग लगा दी है। भोजपुरी अभिनेत्री श्वेता शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी हॉट तस्वीरें अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री के फैंस भी उनकी तस्वीरों को देखने के लिए बेताब बैठे रहते हैं। अभिनेत्री की तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती हैं। अभिनेत्री श्वेता शर्मा ने बीते दिनों अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की। इन्हे शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, "आपको केवल एक ही बार जिंदगी मिलती है, किंतु यदि आप इसे सही तरीके से जीते हैं तो यह एक बार ही पर्याप्त है"। अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में अभिनेत्री श्वेता शर्मा ने कलरफुल बिकिनी पहनी हुई हैं और उसमें वह बेहद ही हॉट लग रही हैं।

# पलक तिवारी ने दिलकश अंदाज में खेली होली



पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम पर होली के अवसर पर अपनी तस्वीरें शेयर की है। उन्होंने हाथों और गालों पर रंग लगाकर फोटोशूट कराया है। इसके अलावा उन्होंने इस अवसर पर वाइट कलर का कुर्ता पहन रखा है। उन्होंने कानों में झुमके पहन रखे हैं। पलक तिवारी के बाल खुले हुए हैं और वह कैमरे की ओर देखकर दिलकश अंदाज में पोज करती हुई नजर आ रही है। दूसरी फोटो में उन्होंने हाथों को फैला रखा है। उनके हाथों पर गुलाल लगा है और वह कैमरे की ओर देखकर खुश कर रही है। तीसरी फोटो क्लोज अप से ली गई है। फोटो में वह वी का साइन बनाती नजर आ रही है। पलक तिवारी ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'सभी को होली की शुभकामनाएं। होली प्यार और उत्साह का त्यौहार है। कृपया इसे अपने आसपास के स्थानीय जानवरों पर भी लुटाएं। उन्हें कुछ खाना, पानी या दूध दें। सकारात्मकता फैलाएं।' पलक तिवारी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 8 घंटे में 113000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। वहीं इस पर 615 से अधिक कमेंट किए जा चुके हैं। कई लोगों ने हैप्पी होली, गॉर्जियस ब्यूटीफुल, हैप्पी होली, अमेजिंग, आप को मेरी तरफ से हैप्पी होली जैसे कमेंट किए है। वहीं कई लोगों ने हॉट, ब्यूटीफुल, क्यूट और गॉर्जियस भी लिखा है। पलक तिवारी श्वेता तिवारी की बेटी है। वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है जो कि बड़ी तेजी से वायरल होती है। हाल ही में उन्होंने अपनी बिकिनी पहने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की थी। इसमें उनका टोंड फिगर भी देखा जा सकता है। पलक तिवारी की सोशल मीडिया पर बड़ी फैन फॉलोइंग है।



खुद बोलती तस्वीर



कैनवास पर ऑयल-वर्क, आर्टिस्ट आशीष ठाकुर, झारखंड

सीआरपीएफ के 83वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए अमित शाह

# कहा- सेना ने कश्मीर में आतंकवाद किया कम

नई दिल्ली/यूटर्न: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 83वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू के दो दिवसीय दौरे पर हैं। सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार (19 मार्च) को जम्मू में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 83 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। यह पहली बार है जब सीआरपीएफ राष्ट्रीय राजधानी के बाहर अपना स्थापना दिवस मना रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शनिवार को सीआरपीएफ के स्थापना दिवस परेड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा 2014 में नरेंद्र मोदी के भारत के प्रधान मंत्री बनने के बाद, जम्मू-कश्मीर की स्थिति में सुधार हुआ है। जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ी उपलब्धि वह अपार सफलता है जो हमारे बलों ने राज्य में आतंकवाद को नियंत्रित करने में हासिल की है।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में सीआरपीएफ के 83वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा सीआरपीएफ ने लंबे समय से भारत में लोगों को सुरक्षा और सुरक्षा की भावना प्रदान करने का काम किया है। सीआरपीएफ जवानों ने देश में मुश्किल हालात में लोगों को दी राहत की सांस दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू में में कहा कि चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है और निष्पक्ष चुनाव एक लोकतांत्रिक देश की आत्मा है।

जब भी भारत में लोकसभा या विधानसभा चुनाव होते हैं, सीआरपीएफ देश भर में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1950 में संसद द्वारा सीआरपीएफ अधिनियम के अधिनियमित होने के बाद सीआरपीएफ को रंग प्रस्तुत करने के बाद 19 मार्च को सीआरपीएफ स्थापना दिवस मनाया जाता है। सीआरपीएफ की स्थापना 1939 में हुई थी और तब इसे क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्स पुलिस के नाम से जाना जाता था। 1939 में आज ही के दिन सीआरपीएफ को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्स पुलिस के रूप में स्थापित किया गया था। स्वतंत्रता के तुरंत बाद इसे जीवन का एक नया पट्टा दिया गया था जब इसका नाम बदलकर 28 दिसंबर 1949 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस के रूप में बदल दिया गया था और देश की आंतरिक सुरक्षा को सुरक्षित करने के लिए इसे अनिवार्य किया गया था।

# कर्नाटक में भगवत गीता को सिलेबस में शामिल करने पर छिड़ सकती है बहस

बेंगलुरू/यूटर्न: कर्नाटक में हाल ही में उपजे हिजाब विवाद के बाद अब वहां की सरकार एक बड़ा फैसला लेने जा रही है। राज्य के शिक्षा मंत्री का कहना है कि उनकी सरकार गुजरात की तर्ज पर स्कूलों की पढ़ाई के सिलेबस में भगवत गीता को लाने जा रही है। सरकार की तरफ से आए इस बयान पर राज्य में कांग्रेस के नेता और पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कहना है कि धार्मिक किताबों को सिलेबस में शामिल करना कोई गलत नहीं है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां पर कई धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। उन्होंने एएनआई से हुई बातचीत के दौरान कहा कि सभी धार्मिक किताबे धर्म की शिक्षा देती है। आप नहीं कह सकते हैं कि केवल भगवत गीता ही धर्म और भारतीय संस्कृति और परंपराओं की शिक्षा देती है। रहमान ने कहा कि विद्यार्थियों को सभी तरह की धार्मिक पुस्तकें पढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार के गीता को सिलेबस का हिस्सा बनाने के पीछे उसका अपना स्वार्थ जुड़ा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल हिंदुत्व आधारित है और कुछ नहीं। आपको बता दें कि कर्नाटक में उपजा हिजाब विवाद अब तक पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया है वहीं दूसरे पक्ष ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वहीं अब गीता को सिलेबस में शामिल करने के फैसले पर भी विवाद छिड़ने की आशंका भी घर करने लगी है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि हिजाब विवाद के दौरान भी कांग्रेस ने ही इसको राजनीति और धार्मिक रंग देने की कोशिश की थी।




## तुमकुर जिले में यात्रियों से भरी बस पलटी, आठ की मौत, 20 घायल

तुमकुर/यूटर्न: कर्नाटक के तुमकुर जिले के पावागड़ा के पास दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। बताया जा रहा है कि बस के पलटने से आठ लोगों की मौत हो गई है। जबकि 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तुमकुर पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घायल लोगों में विद्यार्थी भी शामिल हैं। जबकि, आठ लोगों की जान चली गई है। दरअसल, हादसा पावागड़ा कस्बे के पास पलावल्ली कट्टे गांव में हुआ। निजी बस पावागड़ा से होसाकोटे जा रही थी। तभी बस के चालक का नियंत्रण खो गया और बस अचानक पलट गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घायलों को तुमकुर अस्पताल में भर्ती कराया। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार वाहन चलाने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे। वहीं, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने हादसे पर ट्वीट कर दुख जताया। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि कर्नाटक के तुमकुर में एक बस दुर्घटना में लोगों की जान जाने के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ।

भोपाल में लॉ यूनिवर्सिटी के प्रो. मोहंती पर एफआईआर

# छात्राओं से यौन शोषण का आरोप

भोपाल/यूटर्न: भोपाल की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में यौन शोषण के मामले में दो छात्राओं ने प्रो. तपन मोहंती के खिलाफ सेक्सुअल हैरेसमेंट का केस दर्ज कराया है। महिला थाना पुलिस ने उनके खिलाफ दो अलग-अलगएफआईआर दर्ज की हैं। छात्राओं को लेकर थाने पहुंचे स्टूडेंट्स एसोसिएशन के छात्रों ने दावा किया कि 7 दिन की काउंसिलिंग के बाद छात्राएं पुलिस से शिकायत करने को तैयार हुई। स्टूडेंट्स बार एसोसिएशन से जुड़े छात्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि प्रोफेसर मोहंती पर पिछले 20 साल से छेड़छाड़ और महंगे गिफ्ट लेकर परीक्षा में अच्छे मार्क्स देने जैसे गंभीर आरोप लगते रहे हैं। छात्रों ने मोहंती पर अपने करीबियों को गलत तरीके से टेंडर दिलवाने के आरोप भी लगाए। उनका आरोप है कि जिन-जिन लोगों ने मोहंती के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की, उनका करियर बर्बाद कर दिया गया। मोहंती



फर्स्ट ईयर से ही छात्राओं पर डोरे डालने लग जाता है। उसकी हरकतों की वजह से छात्राएं उसकी क्लास तक अटेंड करने से बचती हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन में आरोपी प्रोफेसर का दखल हद से ज्यादा है। इस कारण उसका विरोध बड़े स्तर तक नहीं पहुंच पाया। छात्रों ने आरोप लगाया कि मोहंती ने 200 से अधिक छात्राओं के साथ गंदी हरकत की है। अधिकतर छात्राएं डर की वजह से सामने नहीं आना चाहतीं। छात्रों ने बताया कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है।

आतंकवाद के खिलाफ एक्शन मोड में संसदीय समिति

# गृह मंत्रालय से समयसीमा तय करने को कहा


नई दिल्ली। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड को शुरू करने की कवायद कई दिनों से चल रही है। नेटग्रिड का लक्ष्य भारत में आतंकवाद रोधी क्षमताओं को बढ़ाने हेतु अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रदान करना है। इसी के मद्देनजर एक संसदीय समिति ने गृह मंत्रालय को राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड के पूर्ण संचालन के लिए उत्पादों के मूल्यांकन और वितरण में तेजी लाने के लिए एक समय सीमा तय करने की सलाह दी है। समिति द्वारा सोमवार को संसद में पेश की गई 238वीं रिपोर्ट में नेटग्रिड के संचालन में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। संसद में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 'समिति खुफिया इनपुट और खुफिया



और सुरक्षा एजेंसियों तक पहुंच के लिए एक व्यापक नेटवर्क के निर्माण के लिए नेटग्रिड के महत्व को समझती है।' समिति ने इसी के साथ रिपोर्ट में कहा है कि प्रशासनिक मंजूरी और प्रक्रियात्मक देरी नेटग्रिड की प्रगति में बाधा बन रही है और धन का कम उपयोग कर रही है। समिति ने इस संबंध में हुई प्रगति के बारे में भी सूचित करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही नेटग्रिड लांच कर सकते हैं, जिसका उद्देश्य "भारत की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक" प्रदान करना है। जानकारी के अनुसार इस महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस का सिंक्रनाइज़ेशन और परीक्षण अंतिम दौर में है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल ही इसका संकेत दिया था कि नैटग्रिड, जिसे आतंकवादियों, आर्थिक अपराधों और इसी तरह की घटनाओं की जानकारी के लिए एक सहज और सुरक्षित डेटाबेस के रूप में माना जाता है जल्द ही लांच होने वाला है। बता दें कि मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के बाद नेटग्रिड का विचार आया था।

## रूस ने यूक्रेन पर दागी हाइपरसोनिक मिसाइल

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच 24वें दिन भी जंग जारी है। दोनों देशों के बीच कई दौर की वार्ता के बाद भी युद्ध को लेकर कोई हल नहीं निकल पाया है। हालांकि, इसी बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने बड़ा दावा किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का उपयोग किया है।



रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनकी सेना ने इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र में हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करके यूक्रेन के मिसाइलों के एक बड़े भूमिगत डिपो को तबाह कर दिया है। इससे पहले, रूसी सेना ने शुक्रवार को यूक्रेन के कई शहरों पर भीषण हमला किया था। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी कीव और पश्चिमी शहर लवीव के बाहरी इलाकों में मिसाइलों से हमले हुए। जिसमें भारी नुकसान हुआ था। आपको बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को (स्थानीय समयानुसार) यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल से बात की। साथ ही उन्होंने युद्धग्रस्त देश को समर्थन देने और यूरोपीय संघ की सदस्यता पर भी चर्चा की थी।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma